
# कोहरे के आगोश में रही सुबह

**खास बातें**

- कोहरे के कारण वाहनों की रफ्तार पड़ी धीमी
- शीतलहर से तापमान में गिरावट



नवभारत न्यूज

**सिरोंज 22 नवम्बर, क्षेत्र में इन दिनों सुबह के समय कोहरा दिखाई दे रहा है. शहर शनिवार की सुबह भी कोहरे के आगोश में डूबा रहा. इस दौरान शीतलहर ने लोगों को सर्दी का अहसास कराया. क्षेत्र में सर्दी फसलों के लिए अच्छी मानी जा रही है.**

सिरोंज क्षेत्र में शनिवार की सुबह चारों ओर कोहरा दिखाई दिया. इस दौरान सुबह 9 बजे तक शहर कोहरे के आगोश में रहा. कोहरे के कारण सड़कों पर दृश्यता में भी कमी रही. जिसके कारण वाहनों की रफ्तार भी धीमी पड़ती दिखाई दी. वाहन चालकों को सुबह वाहनों की हेडलाइट जलाकर वाहन चलाना पड़ा. वही बाद में धूप निकलने पर कोहरे में कमी आई. जिससे लोगों ने राहत की सांस ली. क्षेत्र में इन दिनों शीत लहर के कारण तापमान में कमी दिखाई दे रही है. शीतलहर के कारण जहां रात्रि का तापमान करीब 12 डिग्री से. तक पहुंच गया है. शीतलहर ने लोगो को ठंडक का अहसास कराया. तापमान में कमी एवं शीतलहर के कारण लोगों की दिनचर्या भी प्रभावित होती दिखाई दी. सर्दी के कारण सुबह एवं रात्रि के समय सड़कों पर भी सन्नाटा पसरा दिखाई दे रहा है. इस दौरान लोगों की बाजारों में अपेक्षाकृत आवाजाही भी कम दिखाई दे रही है. जानकारों की मानें तो आगामी दिनों में सर्दी एवं कोहरे में ओर अधिक बढ़ोत्तरी होने की संभावना है.

### सर्दी से बचाव के लिये अलाव व गर्म वस्त्रों का सहारा

क्षेत्र में शीतलहर के कारण पड़ रही सर्दी से निजात पाने के लिए लोग सुबह एवं शाम को अलाव एवं गर्म वस्त्रों का सहारा लेते दिख रहे है. मौसम में ठण्डक होने एवं शीतलहर होने के कारण शहर में जगह जगह लोग अलाव जलाकर सर्दी से बचते दिखे. कई लोगों ने धरों पर परिवार के साथ समय व्यतीत किया. कृषक नवल सिंह कुर्मी ने बताया कि क्षेत्र में यह मौसम रवि की फसलों के लिए अच्छा है. इससे फसलों के उत्पादन में वृद्धि होगी.

## निर्माण कार्य के लिये एसडीएम बंगले की तोड़ी बाउण्ड्री वॉल



नवभारत न्यूज

**गंजबासौदा 22 नवम्बर, नगर में सड़क निर्माण के साथ जल निकास हेतु गटर नालियां बनाई जा रही हैं.जहां अतिक्रमण के कारण निर्माण कार्य में बाधा आ रही थी उन अतिक्रमणों को हटाकर निर्माण कार्य कराए जा रहे हैं.इसी तारतम्य में एसडीएम के बंगले की लंबी चौड़ी बाउंड्री वॉल को भी उनकी सहमति से तोड़ दिया गया.**

बरेठ रोड पर नगर पालिका परिषद द्वारा जो गटर बनवाए गए थे. वह गायब हैं. लोगों ने उनके ऊपर अतिक्रमण कर लिया. अनेक लोगों ने तो गटर के ऊपर पक्का निर्माण कार्य कर लिया.इस तरह नगर पालिका की धनराशि बर्बाद कर दी. उनके विरुद्ध कार्रवाई भी नहीं हो पा रही है.चार माह पहले जो अतिक्रमण हटाए गए थे.वहां पुनः अतिक्रमण हो चुका है नगर पालिका नोटिस देकर खानापूर्ति कर लेती है नगर पालिका के कर्मचारी ही अतिक्रमण करा देते हैं. बरेठ रोड के बस स्टैंड पर किस कदर अतिक्रमण कराया गया है यह तो मौके पर पहुंचकर ही देखा जा सकता है.श्री रामलीला मेला के समय उन्हें व्यवस्थित कर दिया जाता है और फिर वहीं स्थिति हो जाती है.कबाड़खाना जैसी स्थाई रूप से जो अतिक्रमण कराए गए हैं.कर्मचारियों द्वारा उन्हें नहीं हटाया जाता बस स्टैंड के भवन की हालत चिड़ियाघर जैसी हो रही है.अंदर अतिक्रमण बाहर अतिक्रमण रास्ते में अतिक्रमण इससे आने जाने में लोगों को बहुत परेशानी होती है बाहर ग्रामीण क्षेत्र से आने वाले यात्री कहां बैठे यह समस्या उनके सामने होती है न पानी की सुविधा है और न ठहरने की बस स्टैंड पर शराबी बैठे रहते हैं.यात्रियों के साथ गाली गलौज करते हैं यह पहला बस स्टैंड है जहां पानी निकास की कोई व्यवस्था नहीं है बरसात में पूरे प्रांगण में पानी भरा रहता है.आवारा मवेशी जानवर घूमते रहते हैं कोई व्यवस्था नहीं है कोई देखने सुनने वाला नहीं है.

## सियाराम की माता पूजन और शरद शर्मा की भजन संध्या आज

नवभारत न्यूज

**गंजबासौदा,** श्रीराम रस धारा परिवार द्वारा आयोजित किए जा रहे चक्रवर्ती श्रीराम बारात महोत्सव की श्रृंखलाबद्ध आयोजनों ने पूरे नगर का वातावरण रामभक्ति से भर दिया है. 25 नवंबर को निकलने जा रही भव्य और दिव्य श्रीराम बारात के पूर्व कार्यक्रमों के आयोजनों के पहले ही नगर राममय है. रविवार को विवाह महोत्सव के अंतर्गत सियाराम जी की माता पूजन सुबह 11 बजे शीतला माता मंदिर से गाजे बाजे के साथ प्रारंभ होगी जो कि नगर के मुख्य मार्गों से होते हुए सदर बाजार स्थित सिद्धेश्वर महादेव मंदिर पहुंचेगी.आयोजन समिति ने बताया कि माता पूजन के बाद शाम को महोत्सव के भक्ति वातावरण में गांधी चौक पर शाम 7 बजे से भजन संध्या आयोजित की गई है. कार्यक्रम में सुप्रसिद्ध भजन गायक शरद शर्मा (सारेगामा फेम) अपनी प्रस्तुति देंगे.

## महिलाओं को परिवार नियोजन के अस्थायी व स्थायी साधनों की दी जानकारी

**ग्राम लालाटोरा में परिवार विकास सम्मेलन आयोजित**

नवभारत न्यूज

**आनंदपुर, ग्राम लालाटोरा स्थित आंगनवाड़ी केंद्र एवं सहरिया बस्ती में मंगलवार को परिवार स्वास्थ्य एवं कल्याण के उद्देश्य से परिवार विकास सम्मेलन का आयोजन किया गया. कार्यक्रम में गाँव की धात्री माताओं, गर्भवती महिलाओं तथा 0-1 और 2 बच्चे वाली माताओं को विशेष रूप से आमंत्रित किया गया.सास-बहू के जोड़ों की उपस्थिति इस कार्यक्रम की एक विशेष उपलब्धि रही, जिससे परिवार नियोजन संबंधी संदेश को दो पीढ़ियों तक एक साथ पहुँचाने का अवसर मिला.**

सम्मेलन के दौरान स्वास्थ्य एवं महिला-बाल विकास विभाग की टीम ने महिलाओं को परिवार नियोजन के अस्थायी और स्थायी साधनों के बारे में विस्तार से बताया. विशेषज्ञों ने तिरछे अंतराल रखने के लाभ, सुरक्षित मातृत्व, स्वस्थ शिशु जन्म तथा परिवार के आर्थिक-सामाजिक पक्षों पर भी चर्चा की.महिलाओं को कॉपर-टी, कंडोम, गर्भनिरोधक गोलियां, इंजेक्टेबल साधन, नसबंदी विकल्प सहित विभिन्न उपायों के प्रयोग, प्रभाव, लाभ और सावधानियों के बारे में जानकारी दी गई.उपस्थित जरूरतमंद माताओं को सामग्री का वितरण भी किया गया.कार्यक्रम में आशा सुपरवाइज़र राजबाला बघेल, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता पासु बागड़ी एवं आशा कार्यकर्ता मोनिका जादौन सक्रिय रूप से मौजूद रहीं.टीम ने महिलाओं से स्वास्थ्य संबंधी खुले संवाद किए और प्रसव पूर्व जांच, पोषण, टीकाकरण तथा एनीमिया से बचाव जैसे सुझाव दिए.सम्मेलन में बड़ी संख्या में महिलाओं ने भाग लेते हुए परिवार नियोजन से जुड़े प्रश्न पूछे तथा उपलब्ध सेवाओं के प्रति रुचि दिखाई. कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्र में परिवार स्वास्थ्य, सुरक्षित मातृत्व और सुव्यवस्थित परिवार की अवधारणा को मजबूत करना रहा.

## एयर बैग ने बचाई जान क्रासिंग के दौरान पेड़ से टकराई कार

नवभारत न्यूज

**पठारी,** त्योदा पठारी मार्ग स्थित गुफा चौराहे के पास शुक्रवार शनिवार की दरयानी रात इंदौर से खुरई जा रही एक कार गुफा चौराहे के पास ट्रक की क्रॉसिंग के दौरान अनियंत्रण होकर रोड से नीचे पेड़ से टकरा गई पेड़ में टकराते ही गाड़ी के एयर बैग खुलने से चालक एवं एक सवारी दोनों की जान बच गई लेकिन दोनों को मामूली चोटे आई जिन्हें प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पठारी लाया गया जहां उपचार किया गया.



## चक्रवर्ती श्रीराम बारात को लेकर नगर में पीले चावल देकर किया आमंत्रित

नवभारत न्यूज

**गंजबासौदा,** श्रीराम रस धारा परिवार की ओर से धर्मनगरी गंजबासौदा में सद्गुरु कृपा से दूसरी बार चक्रवर्ती श्रीराम बारात का आयोजन किया जा रहा है। डॉक्टर अभिषेक कृष्ण शास्त्री एवं अंकुर माधव शास्त्री ने बताया कि विगत वर्ष की तरह इस वर्ष भी चक्रवर्ती श्रीराम बारात का आयोजन नगर गंजबासौदा में किया जा रहा है.कार्यक्रम श्री सिया जू परिणय श्री राम जू के तहत विवाह कार्यक्रम संपन्न हो चुके हैं. 30 नवंबर रविवार को माता पूजन कार्यक्रम होगा और शाम 7 बजें गांधी चौक में नगर के सभी संगीतकार एवं सारेगामा के सुप्रसिद्ध गायक शरद शर्मा द्वारा भव्य भजन संध्या का कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा और 25 नवंबर मंगलवार को दोपहर 12 बजें हनुमान मंदिर रेलवे स्टेशन से चक्रवर्ती श्रीराम बारात गांधी चौक के लिए प्रस्थान करेगी.

## सेंटमेरी कॉलेज में हुआ डिजिटल इकोनामी एवं साइबर हेल्थ पर सेमिनार

नवभारत न्यूज

**विदिशा, स्थानीय सेंट मैरी महाविद्यालय की एनसीसी यूनिट ने डिजिटल इकोनामी एवं साइबर हेल्थ पर एक सेमिनार का आयोजन किया.यह आयोजन 14 एमपी बटालियन के कमांडिंग ऑफिसर कर्नल विकास गुप्ता शौर्य चक्र एडम अफसर लेफ्टिनेंट कर्नल सनी वैद्य सर के आदेश पर तथा महाविद्यालय के संचालक फादर सिटो वर्गीश एवं एनसीसी अधिकारी कैप्टन डॉ रामानंद मिश्रा के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ.** इस कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में लेफ्टिनेंट मुकेश आजाद असिस्टेंट प्रोफेसर एसएटीआई डिग्री कॉलेज विदिशा रहे तथा 14 एमपी बटालियन से सूबेदार प्रमोद सर मुख्य रूप से उपस्थित रहे लेफ्टिनेंट आजाद सर ने इस साइबर हेल्प पर एवं डिजिटल इकोनामी विषय पर जानकारी एनसीसी कैडेट्स के साथ साझा की निश्चित रूप से यह जानकारी का उपयोग छात्र अपने जीवन में करेंगे और उनके साथ-साथ सीनियर एनसीसी कैडेट जिसमें अरुण दांगी, शिवानी विश्वकर्मा शिवा शर्मा अदिति बड़ोदिया ऋतिक दागी, रोहित राजपूत के साथ प्रथम वर्ष के एनसीसी कैडेट भी उपस्थित रहेआदि उपस्थित रहे.



